हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32 .5 डिग्री
न्यूनतम 20 .4 डिग्री

11 पुलिस और आमजन आपसी तालमेल से कार्य करें तो नशे की बुराई पर पाया जा सकता नियंत्रण: रामपाल



12 शहर में गणेश उत्सव मनाने की तैयारियां शुरू, गणपति बप्पा की मूर्तियां सजकर तैयार



### बरसात से शहर की कई सड़कों पर हुए गड्ढे, सफाई व्यवस्था ने किया बेहाल

# दो दिन की बरसात से बिगड़ी शहर की सूरत, गंदगी व जलभराव बना शहरवासियों के लिए आफत

■ नगर परिषद के गेट पर बह रहा नाले का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में दो दिन हुई लगातार बरसात ने शहरवासियों के लिए आफत पैदा कर दी है। नगर परिषद व मार्केट कमेटी की सुस्त कार्यशैली के कारण सफाई व्यवस्था बेहाल हो गई है। मार्गो पर जगह-जगह कचरे का उठान नहीं होने से बरसात के कारण कीचड़ हो गया है, जिससे उठती दुर्गंध के कारण लोग परेशान है। बरसात के मौसम में नालों का लाखों का ठेका देने के बाद भी सफाई नहीं होने से गंदगी से अटे हुए है, जिससे शहर की सड़कों से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। लोगों के लिए समस्या पैदा करने में पब्लिक हैल्थ विभाग भी नगर परिषद का पूरा साथ दे रहा है। बरसात के कारण शहर के ज्यादातर इलाकों में ओवरफ्लो होकर सीवर उफान मार रहे है। सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। सीवर का गंदा पानी बरसात के पानी में मिलकर सड़कों पर लोगों के लिए और ज्यादा परेशानी पैदा कर रहा है। यहां तक की रविवार को कर्मचारियों ने भाड़ावास गेट के पास नाले में भरे पानी का मोटर लगाकर नगर परिषद के गेट के पास ही छोड़ दिया तथा महाराणा प्राताप चौक स्थित नगर परिषद का सफाई शाखा कार्यालय भी बरसात के पानी से जलमग्न रहा। शहर के मॉडल टाउन, सचिवालय रोड, भाड़ावास गेट, अनाजमंडी, बावल रोड व नाईवाली सहित अनेक स्थानों पर जलभराव परेशानी बना हुआ है। नई सब्जीमंडी में तो कचरे का उठान नहीं होने से कीचड़ हो गया है, जिससे लोगों का निकालना भी दुर्भर हो गया है। शहर में जलभराव की समस्या लंबे समय से है। प्रत्येक वर्ष मानसून से पहले प्रशासन की ओर से जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सही समय पर प्रबंध नहीं किए जाते है। नगर परिषद की ओर से प्रति वर्ष देर से शुरू की गई नालों की सफाई अधूरे में छोड़ दी जाती है, जिसके बाद से नालों की तरफ ध्यान तक नहीं दिया गया। इस वर्ष लाखों का ठेका देने के बाद भी प्रशासन के पानी निकासी व सफाई व्यवस्था के दावे हर बार फेल हो रहे है।





रेवाड़ी। बरसात व गंदगी से सब्जीमंडी रोड की दयनीय हालत, नगर परिषद के गेट पर डाला गया नाले का गंदा पानी, बरसात के पानी से जलमग्न ब्रास मार्केट की नई सड़क।



रेवाड़ी। अनाजमंडी में जमा बरसात व सीवर का पानी। फोटो :हरिभूमि

#### ब्रास मार्केट की नई सड़क पर भी जलभराव

ब्रास मार्केट के अंदर हाल ही में सीवर चेंबर का कार्य करने के बाद नई सड़क बनाई गई है तथा बाकी बची सड़क बनाने का कार्य अभी भी चल रहा है। शनिवार रात्रि आई बरसात से ब्रास मार्केट के एलआईसी रोड पर जलभराव हो गया। जलभराव के कारण नई सड़क पर गड्ढे होने लगे है। प्रशासन की ओर से रविवार को भी पानी निकासी के प्रबंध नहीं किए गए।

#### ठहरे पानी में पैदा होंगे मच्छर

शहर में आधे से एक घंटे की बरसात से ही काफी खराब स्थिति पैदा हो जाती है, जिससे लोगों को परेशानी के दौर से गुजरना पड़ता है। जगह-जगह सड़कों पर जमा पानी कीचड़ में तब्दील होता जा रहा है। यह पानी कई दिन तक सड़कों पर खड़ा रहता है, जिससे बदबू के साथ मच्छर पनपने लगते है, लेकिन इस ओर न जो जनप्रतिनिधि ध्यान देते है और न ही इस समस्या का समाधान कराने की दिशा में प्रशासन कोई ठोस कदम उठाता हैं। काफी जगह ठहरे पानी से उठती बदबू से बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में एक गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने रास्ता रोककर धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति के बयान पर 22 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। उसने रास्ता रोककर धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में लिसाना निवासी आरोपी विनोद कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

कुंड। थाना खोल पुलिस ने मारपीट करने और धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अस्पताल में उपचाराधीन एक युवक के बयान पर पुलिस ने 22 अगस्त को कई आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया था। उसने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में मनेठी निवासी श्यामसुंदर, महेंद्रगढ़ के गनियार निवासी यशपाल और खिजूरी निवासी नरवीर को गिरफ्तार किया है। बाद में तीनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर दिया।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



नांगल मूंदी। थाना खोल पुलिस ने बुड़ौली गांव में शराब बेच रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बुड़ौली निवासी मुकेश गांव में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। उसके कब्जे से शराब की 57 पव्वे शराब बरामद हुइं। आरोपी को शराब सहित गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया।

### मारपीट में दंपति सहित तीन लोग गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना रामपुरा पुलिस ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में दंपति सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल के बयान पर 23 अगस्त को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में कालूवास निवासी रामखिलारी, उसकी पत्नी सुमन और बेटे हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया। बाद में तीनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कसोला पुलिस ने काबू किया आरोपी

कसोला। थाना कसोला पुलिस ने मारपीट करने और धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 5 अगस्त को बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने उसके साथ मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में जींद के दखनिया मोहल्ला निवासी सुमित वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल

बावल। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर रजवाहा होटल पर शनिवार की रात किसी वाहन की टक्कर लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया। राजस्थान के तिजारा निवासी शंकर होटल के पास रात को सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद वाहन का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## यादव कल्याण सभा के कैंप में 161 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कैंप में मरीजों करी जांच करते डॉक्टर। फोटो: हरिभूमि

यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमे मरीजों को उचित परामर्श देने के साथ फ्री दवाईयां प्रदान की गई। कैंप में 161 मरीजों की स्वास्थ्स जांच की गई। शिविर में डा. एसपी यादव ने मेडिसन, डा. अजय यादव ने हड्डीरोग, डा. पवन यादव ने न्यूरोसर्जरी, डा. कंचन यादव ने नेत्ररोग, डा. सुमन यादव ने स्त्रीरोग व डा. कोमल यादव ने दंतरोग के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान की। कैंप में लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव ने भी फ्री फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान की। कैंप के आयोजन में सभा प्रधान रामबीर यादव, जसवंत सिंह यादव, डा. यशपाल यादव, शशिभूषण यादव, प्रवक्ता रप्रो.सतीश यादव व गोकल राम ने सेहयोग दिया।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर बनाया 36.19 लाख रुपये की ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। साइबर ठगी का शिकार व्यापारी धीरज जांगिड़। फोटो :हरिभूमि

■ साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी

शहर के एक कारोबारी को शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर लगभग 36.19 लाख रुपये की साइबर ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में फर्नीचर कारोबारी धीरज जांगिड़ ने बताया कि उसने सोशल मीडिया पर शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने संबंधी एक विज्ञापन देखा था। उस पर लिखे नंबर पर संपर्क करने पर कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने खुद को शेयर ब्रोकर बताते हुए उसे पैसा निवेश करने के टिप्स दिए। इसके बाद उसे एक ग्रुप से जोड़ दिया गया। उससे एप डाउनलोड कराने के बाद अलग-अलग बैंक खातों में पैसा जमा कराया गया। हर बार उसके खाते में ज्यादा मुनाफा दर्शाया गया। लगभग एक माह के दौरान उसने 3618800 रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दिए। उसके खाते में एप पर 4 करोड़ रुपये का मुनाफा दिखाया गया। इसके बाद उसने अपने खाते से 45 लाख रुपये निकालने का प्रयास किया, तो कोई पैसा नहीं निकल पाया। उसने खुद को ब्रोकर बताने वाले व्यक्ति से संपर्क किया तो उसने बताया कि राशि निकालने के लिए उसे टैक्स के रूप में 35 लाख रुपये और जमा कराने होंगे। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। उसने बैंक डिटेल के साथ साइबर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर की गई है।

## ओवरब्रिज के सर्विस रोड को चौड़ा करने के लिए जमीन परचेज करने की प्रक्रिया शुरू

■ आठ सितंबर को लैंड डाक्युमेंट अपलोड करने की अंतिम तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। ओवरब्रिज के सर्विस रोड को लेकर बैठक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

रविवार को एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता नगर पार्षद की अध्यक्षता में भाड़ावास रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज के दोनों ओर सर्विस रोड के चौड़ाकारण की प्रक्रिया को शुरू करने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकार की ओर से नियुक्त एग्रीगेटर एडवोकेट नरेंद्र पिप्पल ने बताया कि सभी लैंड होल्डर के कागजात 6 सितंबर तक एकत्रित किए जाएंगे। 8 सितंबर को लैंड डाक्युमेंट अपलोड करने की अंतिम तिथि है। इसलिए सभी अपने डॉक्युमेंट्स तैयार रखें, जिसके लिए समिति के प्रधान जयसिंह जाट व नगर पार्षद भूपेन्द्र सिंह से सहयोग ले सकते हैं। एग्रीगेटर ने कहा ओवरब्रिज के दोनों ओर 18-18 फीट जमीन की परचेज की जाएगी, जिससे ओवरब्रिज के दोनों तरफ की सर्विस लाइन 24 से 26 फीट चौड़ी होगी। एचएसआरडीसी के एसडीओ संजय यादव ने कहा कि 24 से 26 फीट सर्विस लाइन में नागरिकों को नालों पर फुटपाथ, बिजली की लाइनें, सीवर लाइन व पीने के पानी की लाइन की जन सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि दीपक सैनी, कंपनीबाग रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट मधुसूदन शर्मा, मास्टर नवरतन यादव, मधु वशिष्ठ, लीलाधर सैनी व ओमप्रकाश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## ऑनलाइन गेमिंग की लत से दूर रहकर शिक्षा व खेलों से नाता जोड़े युवा: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

■ एसपी ने आमजन से अपील की है कि सभी अभिभावक अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें

जिला पुलिस ने आमजन को ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर बढ़ रही सट्टेबाजी और जुए की गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी है। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि कई मोबाइल ऐप्स और वेबसाइट्स गेमिंग की आड़ में युवाओं को जल्दी पैसा कमाने का लालच देकर अवैध सट्टे और जुए की ओर धकेल रही हैं। एसपी ने कहा कि प्लेटफॉर्म्स के जरिए हो रहे लेन-देन से आमजन को न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि यह मानसिक तनाव और आपराधिक गतिविधियों को भी जन्म देती है। सबसे अधिक असर बच्चों, छात्रों और बेरोजगार युवाओं पर पड़ रहा है, जो बिना जोखिम समझे इन गतिविधियों के चंगुल में फंसते जा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में ऑनलाइन खेल संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 पारित किया गया है। इसके तहत सट्टेबाजी, जुए या मनी-गैंबलिंग से जुड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का संचालन, प्रचार, सहयोग और उपयोग अब दंडनीय अपराध माना जाएगा। दोषी पाए जाने पर तीन साल तक की सजा और लाखों रुपये तक का जुर्माना भी हो सकता है। एसपी ने आमजन से अपील की है कि सभी अभिभावक अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें। यदि बच्चे गेमिंग के नाम पर किसी प्रकार के पैसों का लेन-देन कर रहे हों, तो सतर्कता बरतें।

### एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रहने के आसार, आज भी कई इलाकों में हो सकती है बारिश

# जिले में 60 एमएम से ज्यादा हुई बारिश, तापमान में 2 डिग्री तक गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अगस्त माह के अंत में अच्छी बरसात होने से तापमान में गिरावट जरूर आई है, लेकिन उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिली है। दो दिन से रुक-रुककर बरसात हो रही है। जिले में औसत 60 एमएम से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। धूप निकलते ही उमस पसीना छुड़ाना शुरू कर देती है। मौसम के लगभग एक सप्ताह तक पूरी तरह साफ होने की संभावना नहीं है। इस सप्ताह के शुरू में ही हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। रविवार को सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। अधिकतम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 32.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 20.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी 80 प्रतिशत से ज्यादा रही, जबकि हवा की गति 11 किमी प्रति घंटा रही।

दोपहर तक बादल साफ होने के बाद तेज धूप निकलते ही वातावरण में भारी उमस बन गई। चिपचिपाहट भरी गर्मी ने जमकर परेशान करना शुरू कर दिया। सड़ी हुई गर्मी में कूलरों की हवा भी राहत नहीं दे पा रही है, जिससे लोगों के पसीने नहीं सूख रहे। शाम के समय एक बार फिर आसमान में बादल गहरा गए, जिससे बारिश की संभावना नजर आने लगी। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह भी मौसम पूरी तरह साफ होने के आसार नहीं हैं। अगले दो-तीन दिनों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। अगस्त माह की विवाई बारिश के साथ ही होने की संभावना है। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। अगर अच्छी बारिश होती है, तो ही उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी।

#### उमस भरी गर्मी से राहत नहीं




रेवाड़ी। शहर में रविवार शाम आई बरसात। फोटो :हरिभूमि

#### मनेठी व रेवाड़ी पर ज्यादा मेहरबानी

इंद्रद्रेवता ने मनेठी व रेवाड़ी खंडों में ज्यादा मेहरबानी दिखाई है। रविवार सुबह 8 बजे तक चौबीस घंटों के दौरान मनेठी खंड में सर्वाधित 70.6 एमए बारिश दर्ज की गई। रेवाड़ी खंड में 68 एमएम बारिश हुई। सबसे कम धारूहेड़ा में 13 एमएम बारिश हुई। पाल्हवास खंड में 40 एमएम, डहीना में 34 एमएम, बावल में 14, कोसली में 28 व नाहड़ खंड में 46 एमएम बरसात रिकॉर्ड की गई। अगस्त माह में गत वर्ष की तुलना में इस बार 20 एमएम बारिश ज्यादा दर्ज की गई है, जबकि अभी और बारिश होने की संभावना है।

#### फसलों को नुकसान की आशंका

अभी तक मौसम पूरी तरह फसलों के लिए अनुकूल साबित हुआ है। समय-समय पर होने वाली बारिश ने कपास और बाजरे की फसलों को अच्छा फायदा पहुंचाया है। दोनों फसलों में पकाव शुरू हो चुका है। बाजरे की फसल में दाना बनकर तैयार हो रहा है। वजन बढ़ने के कारण हवाओं के साथ होने वाली बारिश फसल को गिरा सकती है, जिससे उत्पादन में कमी आ सकती है। वैसे भी पकाव के समय बाजरे की फसल बारिश से खराब हो सकती है। किसान जल्द मौसम साफ होने की उम्मीद लगाए हुए हैं।



## खोखरा कोट

रोहतक शहर के मध्य बसे खोखरा कोट का इतिहास शताब्दियों पुराना है। खुदाई के दौरान यहां से 350 ई. पूर्व के प्राचीन अवशेष भी प्राप्त हुए हैं। इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को देखते हुए पुरातत्व विभाग ने इसे अपने अधीन ले रखा है। इतिहासकार बताते हैं कि योधेयों के नगर रहे खोखरा कोट में राजप्रणाली प्रजातंत्र की होती थी। इसका अंतिम शासक खोखर गोत्र का व्यक्ति था, जिसकी वजह से इसका नाम खोखरा कोट पड़ा। कोट का अर्थ किला होता है।

# सांग पुरोधाओं में शुमार रहे निहालचंद 'निहाल'

**भावपक्ष व शिल्पपक्ष की दृष्टि से निहालचंद 'निहाल' का काव्य बेजोड़ है। भारतीय संस्कृति के उदात्त जीवन मूल्य, अध्यात्म, गुरुभक्ति, समाज-सुधार, नीति, नारी-सम्मान, देशभक्ति, युगबोध का चित्रण पग-पग पर अवलोकनीय रहा है।**

कला-संस्कृति

दिनेश शर्मा 'दिनेश'



साहित्य समाज का दर्पण होता है और लोक-साहित्य लोकजीवन का दर्पण होता है। लोकजीवन में जो कुछ घटित होता है उसका पूरा ब्यौरा लोक-साहित्य में समाहित रहता है। लोक-साहित्य की अनेक विधाएं हैं, जैसे लोकगीत, लोककथाएं, लोकगाथाएं एवं लोकनाट्य आदि। पर लोकनाट्य अर्थात सांग सभी कलाओं का समुच्चय है।

इसमें गीत, संगीत, कथा, नृत्य आदि सब कुछ समाहित रहता है इसलिए लोकजीवन में सबसे ज्यादा प्रभाव लोकनाट्य का पड़ता है। हरियाणा का सांग साहित्य कभी से बड़ा प्रसिद्ध रहा है। यहां पर अनेक महान सांगी हुए हैं, जिन्होंने इस कला को पोषित करने में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। इन्हीं में से एक थे सांग-पुरोधा निहालचंद 'निहाल'। निहालचंद 'निहाल' की गणना अपने समय के महान सांगियों में होती है। इनका जन्म 21 अक्टूबर, 1887 को गांव नांगल ठाकरान में एक गौड़ ब्राह्मण किसान परिवार में हुआ। सांग के क्षेत्र में इनका ऐतिहासिक बहुमूल्य योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इन्होंने हरिश्चंद्र, राजा उत्तानपाद, नल-दमयंती, सत्यवान-सावित्री, भगत पूर्णमल, चाप सिंह, रामलीला, कृष्णलीला, महाभारत, राजाभोज-शरणदे, सरवर-नीर, चंदकिरण, ज्यानी चोर, जमाल-गबरू, गोपीचंद तथा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप आदि सांगों तथा अनेक मुक्तक भजनों की रचना की।

काव्य के भावपक्ष व शिल्पपक्ष की दृष्टि से इनका काव्य बेजोड़ है। भारतीय संस्कृति के उदात्त जीवन मूल्य, अध्यात्म, गुरुभक्ति, समाज-सुधार, नीति, नारी-सम्मान, देशभक्ति, युगबोध का चित्रण पग-पग पर अवलोकनीय है। हरियाणा समेत समस्त उत्तर भारत में इनके सांग होते थे। उस समय इनके सांगों की हर जगह धूम मची हुई थी और बाल व वृद्ध सभी बड़े चाव से इनके सांगों को देखते थे।

निहालचंद 'निहाल' ने अपनी खुली आंखों से लोकजीवन को देखा, जीया, जांचा और परखा तथा अपने अनुभव के आधार पर उन्होंने अपने सांगों में लोक संस्कृति का प्रभावात्मक चित्रण किया जिसकी चहुंदिशा में प्रशंसा हुई। यही नहीं हरियाणा के सूर्यकवि पं. लखमीचंद जैसे लोकनाट्य कला के महारथी ने भी उनके पास रहकर सांगकला की बारीकियों को सीखा। इसका उल्लेख हिंदू विश्वकोश कोलंबिया (यू.एस.ए) में हुआ है। ऐसे महान कलाकार के लोक साहित्य के लिए किए गए योगदान को यहां प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

निहालचंद 'निहाल' का समय स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए बड़े संघर्ष का समय था। सभी भारतीय अपने-अपने तरीके से स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु प्रयास कर रहे थे। निहालचंद 'निहाल' भी अपने सांगों के माध्यम से अनेक अमर बलिदानियों के उदाहरण देकर लोगों को आजादी की लड़ाई में शामिल होने के लिए और स्वदेशी सामान का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करते रहते थे। उन्होंने देशभक्ति की काफी



रचनाएं की और देश की आन, बान और शान पर मिटने वाले 'महाराणा प्रताप' का देशभक्ति प्रेरक सांग बनाया और अभिनीत किया। अपने भजनों में अंग्रेजों की खिलाफत की, जिसके कारण इन्हें, उनके क्रोध का भाजन भी बनना पड़ा। कई बार ऐसा न करने की चेतावनी मिली। उसके बाद गिरफ्तार भी कर लिए गए। इनकी देशभक्ति की रागनियाँ पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गई। दर्शनीय है इनकी यह रचना-

*भाइयो हो ज्याओ सब त्यार,*
*देश माँगता कुर्बानी ।।*
*सिर पै कफन बांध ल्यो सारे।*
*इंकलाब के लाओ नारे।*
*गोर्यां नै घणे जुल्म गुजारे।*
*मारे बहोत घणे नर-नार,*
*होगे अमर बलिदानी ॥*

निहालचंद 'निहाल' के सांगों में न्यूनाधिक मात्रा में सभी दर्शनों का उल्लेख हुआ है। साक्ष्यार्थ उनकी एक रचना प्रस्तुत है; जिसमें सत, रज, तम की त्रिगुणी माया, पंच भूत, दस इंद्रियों, पच्चीस प्रकृति आदि का वर्णन है-

*उस निराकार परब्रह्म की छाया मिल गई।*
*पाँच तत्त्व जिनमैं त्रिगुणी माया मिल गई।*
*शहंशाह बण्या तू रय्यत राया मिल गई।*
*राजधानी सुन्दर नगरी काया मिल गई।*
*हाड माँस मज्जा रक्त और चाम-चाम-चाम ।।*
*मानज्या भजै नै मन राम - राम - राम ।।*

मनुस्मृति में वर्णाश्रम व्यवस्था का पूर्ण उल्लेख

**दादी सती मंदिर और दादा मालदेव मंदिर नांगल ठाकरान में लगाए गए बरगद के विशाल वृक्ष उनके प्रकृति प्रेम के साक्षी हैं तथा लोगों के जेहन में अब भी उनकी स्मृति को ताजा करते रहते हैं।**

हुआ है। निहालचंद 'निहाल' ने अपने एक भजन के माध्यम से हमारी प्राचीन सामाजिक व्यवस्था को इस प्रकार प्रस्तुत किया है-

*ब्राह्मण के छः कर्म वेद का पढ़णा और पढ़ाणा था।*
*वेदशास्त्र मनु - स्मृति गीता ज्ञान सुणाणा था।*
*दान का देणा खुद भी लेणा यज्ञ करणा, करवाणा था।*
*थी ब्रह्म की पहचान शील संतोष दयालु बाणा था।*

पतिव्रत-धर्म नारी की उत्कृष्टता का सर्वश्रेष्ठ प्रतिमान है। निहालचंद 'निहाल' ने भारतीय संस्कृति के इस जाज्वल्यमान पक्ष को पतिव्रता द्रौपदी के माध्यम से उजागर किया है-

*सुणै कथा भागवत ग्रहस्थ धर्म सीखै और हमें सिखावै।*
*आशा, तृष्णा, दुबधा, दुर्मति की नहीं तरफ लखावै।*
*नित अमृत भर्या रहै जिव्हा मैं चाखै और चखावै।*
*रवि, मंगल, पून्नम, एकादशी का राखै व्रत रखावै।*
*गऊ ब्राहाण साधू नै जिमा अँजल करै ब्रतीबासी ।।*

हमारे लोकजीवन में आचरणीय और माचरणीय बातों की एक लम्बी श्रृंखला है। सज्जन लोग सदाचार की राह पर चलते हैं और दुष्ट सदा इसके विपरीत। अतः हमारी रीतिनीति को निहालचंद 'निहाल' ने इस प्रकार विवेचित किया है-

*बेमतलब बेकाम जीत और हार नहीं करणी चाहिए।*
*सुण कायदे से बाहर नार की सार नहीं करणी चाहिए।*
*धाय वैद्य रसोइया मित्र से तकरार नहीं करणी चाहिए।*
*दस पाँच आदमी मना करैं वा कार नहीं करणी चाहिए।*

भारतीय संस्कृति में मानवीय मूल्यों का बड़ा महत्त्व है। इसी सिद्धांत को अपनाते हुए निहालचंद 'निहाल' ने भारतीय संस्कृति में अनुस्यूत नैतिक मूल्यों की स्थापना की है। प्रमाण स्वरूप उनकी यह रागनी देखिए-

*धीरज धर समय पड़ी मैं रै ।।*
*कड़वा बोलै विष घुलज्या।*
*आगै भली बुरी सब खुलज्या।*
*तुलज्या सत्त धर्म धड़ी मैं रै ।।*

एक माँ के हृदय में अपनी संतान के प्रति अगाध वात्सल्य होता है। उसकी झलक निहालचंद 'निहाल' की इस रागनी में मिलती है। इसलिए बेटे के मरने का दुख व उस असहनीय स्थिति को उन्होंने निम्नलिखित रचना में इस प्रकार दर्शाया-

*बेटा तेरे बिन रोहतास, रही ना तेरी माँ किसे दीन की, मरूँ कित टक्कर मारकै ।।*

निहालचंद 'निहाल' के काव्य का भाव-पक्ष तो सबल था ही, उनका अभिव्यक्ति पक्ष एवं काव्य-सौंदर्य पक्ष भी दर्शनीय था। महारानी सुदेष्णा, सैरन्ध्री (द्रौपदी) के सौंदर्य की समता कभी ब्रह्माणी (सरस्वती), इन्द्राणी, लक्ष्मी, पार्वती और अग्नि की पत्नी स्वाहा से करती है, तो कभी उसे देवलोक की अप्सरा बताती है और उसके आंगिक सौन्दर्य को इस प्रकार उद्घाटित करती है-

*तेरा नाक सुआ-सा मुँह बटवा-सा सुर्ख लबों पै लाली।*
*मिजगां के तीर अबरू कमान, दो जुल्फ नाग-सी काली।*
*तेरी तिरछी नजर प्रेम की चितवन, वार नहीं जा खाली।*
*कहै निहालचंद उस बेमाता नै तू घड़ी बैठ कै ठाली।*
*सुण कोयलबैनी मृगनैनी, तेरै घली कुदरती स्याही ।।*
*इस दुनिया मैं इतनी सुथरी कोन्या और लुगाई ।।*

कीचक और सैरन्ध्री के संवादों में तो संयोग-श्रृंगार मानो जीवन्त ही हो उठा है। कीचक का सैरन्ध्री को रति-रण के लिए आमंत्रण में तो मानो श्रृंगार रस का सोता ही फूट पड़ा है। देखिए-

*वो बाजीगर खेल रचावै, काम रति का मेळ मिलावै,*
*सैरन्ध्री म्हारै कद-कद आवै, दुख-सुख बुझूँ दारू पिलाकै।*
*सुकड़ रही सर्दी की मारी, काया खुलज्यागी गर्मा कै ।।*
*बिछ रहे पिलंग निवारी सोइये, उठकै मुख साबुण से धोइये,*
*बाळ-बाळ मैं मोती पिरोइये, गूँथ लिए सिर चोटी न्हाकै।*
*लाइये तेल फुलेल शरीर मखमल सा हो ज्यागा नरमा कै ।।*

करुण रस के छिटपुट प्रसंग तो इनके सभी सांगों में समाहित हैं, किन्तु महाभारत एवं विराट पर्व में इस रस का मार्काखेज वर्णन है। कीचक वध के उपरांत उसके भाई द्रौपदी को कीचक की अर्थी के साथ जीवित ही कीचक की चिता में झोंक देने की ठान लेते हैं। ऐसी हृदय विदारक स्थिति में असहाय द्रौपदी भगवान को टेरने के अतिरिक्त और कर भी क्या सकती है। निहालचंद 'निहाल' की अग्रदत्त रागनी में मानो करुण रस साकार हो उठा है-

*बड़ी जोर से दान्ने चले, शमशान भूमि आ गई।*
*सती रुदन कर हारी बिचारी, फूल ज्यूँ कुम्हला गई ।।*
*बुलबुल फंसी है जाल मैं, नहीं बस चलै अब क्या करूँ।*
*रस्ता बता परमात्मा, मेरी आत्मा दुख पा गई ।।*
*कहैं निहालचन्द करता तू ही, मारै तू ही मरता तू ही।*
*अद्भुत प्रभु लीला तेरी, बुद्धि मेरी चकरा गई ।।*

जीवन के अंतिम पड़ाव पर ये लोककल्याण एवं भक्तिभावना में लीन हो गए। इन्होंने जगह-जगह पीपल एवं बरगद के पेड़ लगाए तथा प्रतिदिन लोगों को गीता, महाभारत रामायण एवं पौराणिक कथाएं सुनाने लगे। सांग-पुरोधा निहालचंद 'निहाल' 24 फरवरी 1995 को अपने परिवार को भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश सुनाते-सुनाते ब्रह्मलीन हो गए।

उनके कर-कमलों से दादी सती मंदिर व दादा मालदेव मंदिर नांगल ठाकरान में लगाए गए बरगद के विशाल वृक्ष उनके प्रकृति प्रेम के साक्षी हैं तथा लोगों के जेहन में अब भी उनकी स्मृति को ताजा करते रहते हैं।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि सांग की जिस ज्योति को निहालचंद 'निहाल' से पूर्व सांगियों ने प्रज्ज्वलित किया था, निहालचंद 'निहाल' ने उसमें अपनी साहित्य एवं काव्य साधना का घृत डालकर उस ज्योति को प्रकाशमान रखने का पूर्ण एवं सफल प्रयास किया है।

---

कविता | डॉ. फूल कुमार राठी



## कुत्यां की पंचायत

झबरू बोल्या माणस जात नै, कर दिये घाव कसूते,
करण फ़ैसला बैठ गए, मिल कै दिल्ली के कुत्ते।


अलग होण तैं पहल्यां थमनै, बात ज्ञान की कह ज्यांगे,
हम तो दूर चले जांगे, पर कुत्ते फेर भी रह ज्यांगे।
ईश्वर थारा भला करैगा, बसो-घसो सुख मौज तैं,
म्हारै साथ किसी ए बण लियो, सारी हँस के सह ल्यांगे।
जै म्हारी कोए ग़लती हो तो, बेशक मारो जूते।
करण फ़ैसला बैठ गए मिल कै, दिल्ली के कुत्ते।

न्यारी करल्यो फैमिली आई.डी, न्यारे राशन कार्ड हों,
अलग हो सीमा, अलग बसासत, अलग गांव और वार्ड हों।
सारी सुविधा वो ल्यांगे, जो माणस जात नै मिलरी सैं,
जो म्हारे नेता और मंत्री, उनके भी बॉडी गार्ड हों।
इबी भी ना जागांगे तो, रह जावांगे सुत्ते।
करण फ़ैसला बैठ गए, मिल कै दिल्ली के कुत्ते।

अलग करो हदबस्त हमारी, खेवट तक भी न्यारी हों,
हम भी करल्यां पेट गुजारा, बोवण नै कुछ क्यारी हों।
माणस, छाणस नहीं काम के, इनकी पैड़ चालियो ना,
अपनी पंचायत के अंदर, सारी बात ब्यौहारी हों।
भोत रह लिए इनकै भरोसै, इब अपणै बलबूते,
करण फ़ैसला बैठ गए, मिल कै दिल्ली के कुत्ते।

---

कविता | महेन्द्र सिंह बिलोटिया



## जंग की उमंग

आज अचानक त्यारी करली मां के जाये बीर तनै
छुट्टी छौड़ अधूरी बहना जाणा सै कश्मीर मनै

छुट्टी छौड़ अधूरी भाई आज क्यूकर होग्या जाणा
सीओ साहब की चिट्ठी आई चाहिए फर्ज निभाणा
इस चिट्ठी में के लिख राख्या चाहिए भेद बताणा
कारगिल में दुश्मन आकै करण लगा धिंगताणा
देश की रक्षा करणी सै या लिखा ल ई तकदीर तनै
देश कै उपर अर्पित करणी तन मन की जागीर मनै

देश की रक्षा करणी चाहिए बता कौण तनै नाटै सै
ताक़त शस्त्र दुश्मन आगै बिरला ऐ दिल डाटै सै
कायर और निडर नै भाई या रणभूमि छाटै सै
हे रण मैं चढज्या खून उबलै जब बेरा पाटै सै
दुनिया म्हा तै दुश्मन का ठाणा सांझा शीर तनै
तेरे बोला का मेरी छाती मैं गाड़ लिया तीर मनै

मां का दूध लजाइये मतना जब तनै जाणु मैं
कायर भाजै पिठ दिखाकै रण में छाती ताणु मैं
मेरे मन की चाही पुरी करदे याहे बात बखाणु मैं
गेरु गोले ओले सोले हे बणज्यागा परमाणु मैं
या सारी दुनिया जाणै सै भारत के रणधीर तनै
सदा तिरंगा सजा रहे या लौह की समझ लकीर मनै

केसर क्यारी कश्मीर हमारी दुश्मन के चाहवै सै
वो धोखा देकै आ बैठा के धोखे तै थावै सै
जल्दी करकै जा भाई क्यू सहम वार लावैसै
यो महेंद्र सिंह बिलोटे आला सिर बिस्तर ठावै सै
जाते जाते अपने हाथा देऊ पिला नीर तनै
जीत लड़ाई तेरे हाथा का खाणा हलवा खीर मनै

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

1857 का संग्राम

### अंग्रेजों ने कर्नल हड़सन के नेतृत्व में एक सेना दिल्ली से 14 अगस्त 1857 को रोहतक के लिए की थी रवाना

# रोहतक के किले में लगाया था रांघड़ों ने मोर्चा




इतिहास | यशपाल गुलिया

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम मई 1857 में आरम्भ हुआ था, तब स्वतंत्रता सेनानियों ने दिल्ली को अंग्रेजों से मुक्त करवा लिया था, जो केवल चार मास तक ही कायम रहा। अंग्रेजों ने दिल्ली पर फिर से अधिकार करने के लिए पंजाब के देशी शासकों से सैन्य सहायता प्राप्त की तथा दिल्ली के बाहर बाड़ा हिन्दुराव के स्थान पर पड़ाव लगा लिया था।

दरअसल, दिल्ली की चारदीवारी के अन्दर सेनानियों का कब्जा था जिन्होंने उस अंग्रेज सेना से बाहर निकलकर अनेक बार युद्ध किए थे। उस अंग्रेज सेना को पीछे से आक्रमण का भय बना रहता था, जिसके लिए उन्होंने नजफगढ, खरखौदा तथा रोहतक तक सेनानियों से युद्ध करने पड़े थे। तब तक रोहतक का किला भी बेहतर अवस्था में था। उसी किले में आस-पास के रांघड़ों ने मोर्चा लगा लिया था। उल्लेखनीय है कि अंग्रेजों की प्रथम पंजाब कवैलरी केवल रोहतक के आसपास रांघड़ों द्वारा गठित थी। यह 1857 में मऊ में तैनात थी तथा वे सभी बगावत करके अपने हथियारों सहित रोहतक व खरखौदा आदि क्षेत्रों में संगठित हो गए थे। खरखौदा में विसारत में अली नामक रांघड़ तथा रोहतक में बबर खां नामक व्यक्ति ने युद्ध सामग्री के साथ-साथ नेतृत्व का निर्णय ले लिया। दिल्ली की रिज पर स्थित अंग्रेजों को जब रांघड़ों की तैयारियों का पता लगा तो उन्होंने कर्नल हड़सन के नेतृत्व में एक सेना रोहतक के लिए भेज दी। उस सेना में केवल अधिकारी अंग्रेज थे, जैसे मैकडोवल, लेफ्टिनेंट वाईज, कैप्टन वार्ड व लेफ्टिनेंट हफ गफ आदि। जबकि सैनिक भारतीय देशी शासकों द्वारा भेजे हुए थे।

इस प्रकार आदेशानुसार हड़सन ने दिल्ली से 14 अगस्त 1857 को रोहतक के लिए प्रस्थान किया। लेकिन 15 अगस्त को अंग्रेज सेना का प्रस्थान खरखौदा में ही हो गया। विसारत अली के नेतृत्व में आस-पास के हसनगढ़ आदि के रांघडों ने हड़सन की सेना पर भीषण प्रहार किए लेकिन हथियार आदि के अभाव में खरखौदा के युद्ध में सेनानियों की पराजय हुई और अंग्रेज सेना 16 अगस्त को रोहतक को कुच कर गई। वहां जाकर हड़सन की सेना ने पुरानी कचहरी वाले स्थान पर पड़ाव लगा लिया। जबकि बबर खां के नेतृत्व में इकट्ठे हुए रांघड़ व पठानों ने किले में मोर्चा लगा रखा था। इनमें बागी सैनिकों के अतिरिक्त सिविलियन भी शामिल थे। एक अंग्रेज लेखक के अनुसार रोहतक में 300 घुड़सवार तथा 700 बन्दूकधारी इकट्ठे हो गए थे। अंग्रेज कमान्डर हड़सन ने सेनानियों की तैयारी देखकर 18 अगस्त को पीछे हटने का दम्भ भर दिया। इसके बाद किले से बाहर निकलकर सेनानियों ने अंग्रेज सेना पर आक्रमण कर दिया। लेकिन छलावे की रणनीति के कारण हड़सन की सेना ने रोहतक वालों को दो तरफ से घेर लिया और कुछ समय तक 18 अगस्त को भीषण युद्ध हुआ। इसमें सेनानियों को भारी हानि के बाद पराजय का मुंह देखना पड़ा। परन्तु रोहतक के किले पर कुछ बन्दूक धारियों की उपस्थिति के कारण वहां पर अंग्रेजों का कब्जा नहीं हो सका। अंग्रेज सेना जसीया गांव की तरफ से सोनीपत की ओर कूच कर गई। यहां उल्लेखनीय है कि झज्जर व दुजाना के नवाबों ने तब कोई भूमिका अदा नहीं की और ना ही रांघडों व पठानों की किसी अन्य समुदाय ने सहायता की थी।

आश्चर्य की बात ये है कि 1857 के ऐसे भीषण युद्धों का पाठय पुस्तकों में भी वर्णन नहीं किया गया। जबकि खरखौदा के युद्ध में तो चार्ल्स गफ नामक अंग्रेज को विक्टोरिया क्रॉस पदक भी मिला था।



रोहतक के किले का वासतविक चित्र जोकि 1870 में एक अंग्रेज द्वारा लिया गया था।

**छलावे की रणनीति के कारण हड़सन की सेना ने रोहतक वालों को दो तरफ से घेर लिया और कुछ समय तक 18 अगस्त को भीषण युद्ध हुआ। इसमें सेनानियों को भारी हानि के बाद पराजय का मुंह देखना पड़ा। परन्तु रोहतक के किले पर कुछ बन्दूक धारियों की उपस्थिति के कारण वहां पर अंग्रेजों का कब्जा नहीं हो सका।**

---

# संस्कृति को जीवंत करने का माध्यम है हास्य कला : आजाद दूहन

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणवी संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने के लिए लोक कलाकारों ने अपनी अलग-अलग विधाओं में समाज को भी नई दिशा दी है। ऐसे ही कलाकारों में हास्य कलाकार आजाद दूहन हरियाणवी संस्कृति का संवर्धन करने में जुटे हुए हैं। हरियाणवी चुटकुला सम्राट के रूप में अपनी पहचान बना चुके रेडियो कलाकार आजाद सिंह दूहन ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत के दौरान कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर करते हुए कहा कि किसी भी विधा में कला के माध्यम से समाज को अपनी संस्कृति और सभ्यता तथा परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश देना संभव है।

लोक कलाकार आजाद सिंह दूहन का जन्म 2 अक्टूबर 1972 को हिसार जिले के गांव बनभौरी में एक किसान परिवार में श्रीचंद और रोशनी देवी के घर में हुआ। ग्रामीण पृष्ठभूमि में गांव में पले-बढ़े आजाद के परिवार में उनके दादा खेती करते थे और पिताजी श्रीचन्द्र मुख्य अध्यापक से सेवानिवृत्त हुए, जो अब परिवार में खेती बाड़ी करते आ रहे है। भले ही उनके परिवार में कोई साहित्यिक या सांस्कृतिक माहौल नहीं था, लेकिन उनके दादा जी बचपन में उन्हें कहानियां सुनाते थे और उनसे भी कविताएं सुनते थे। घर में उनकी माता एक कुशल गृहणी रही हैं। इसलिए उनकी बचपन से ही संस्कृति एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति अभिरुचि रही है। बकौल आजाद सिंह, उनकी प्राइमरी शिक्षा गांव के सरकारी स्कूल से हुई। जबकि इंटरमीडिएट बरवाला के स्कूल और एमएसएसी(भूगोल) में राजकीय कालेज हिसार से उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने जाट कालेज से बीएड की डिग्री हासिल की। बीएड के आधार पर आजाद एक शिक्षक के रूप में नियुक्त हुए और फिलहाल वे पनिहारी के प्राइमरी स्कूल में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। उनकी कला का यह सफर 1988 से शुरू हुआ, लेकिन 1990 में यह सफर राजकीय महाविद्यालय हिसार में उड़ान भरता नजर आने लगा, जहां उनके गुरु प्रो. प्रोफेसर गुगनराम गोदारा ने उन्हें हास्य कला के लिए बेहद प्रोत्साहित किया है और उनके मार्गदर्शन एवं सानिध्य में ही 'हरियाणवी नाटक, मंच संचालन, हरियाणवी हास्य में विशेषकर चुटकलों में भाग लिया। उनका कहना है कि शुरुआती दौर में उन्होंने परिवार को बिना बताये डरते-डरते लोक कला क्षेत्र कदम रखा, लेकिन धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य हो गया। 1993 में वह बिना बताए घर से नैनीताल कैंप में भाग लेने के लिए गये। उन्होंने फिल्म ऐपरिशियेशन वर्कशाप में भाग लेकर अभिनय की बारीकियां सीखी और इसी साल राष्ट्रीय यूथ लिडरसीप कैम्प नैनीताल में सर्वश्रेष्ठ कैम्पर का पुरुस्कार हासिल किया। हालांकि इससे पहले उन्होंने साल 1988 में दसवीं कक्षा के दौरान विद्यालय स्तर पर राजकीय उच्च विद्यालय बरवाला में पहली बार मंच से कविता सुनाई थी। उसके बाद युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लिए लिया और यह युवा संसंद पूरे राज्य में प्रथम आई, जिसमें उन्होंने लोकसभा महासचिव के किरदार की भूमिका निभाई। आज वह एक रेडियो कलाकार के रूप में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयो के सांस्कृतिक निर्णायक मंडल में भी शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं मंचों पर उनकी हास्य व्यंग्य प्रस्तुति का मूल उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार एवं हरियाणवी संस्कृति एवं प्रकृति को बढ़ाना है। हरियाणवी हास्य नाटिका के मंच से लगातार पांच वर्ष तक हरियाणा दिवस पर चुटकुले सुनाने में प्रथम रहा। इस उपलब्धि को प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा साल 1995 में उन्हें चुटकुला सम्राट के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्होंने सातवें राष्ट्रीय युवा उत्सव का भी संचालन किया। यही नहीं, उन्होंने लगातार पांच साल तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक एवं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में राज्य स्तरीय चुटकुला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया।आधुनिक युग में लोक कला और संस्कृति के सामने चुनौतियों को लेकर आजाद सिंह दूहन का कहना है कि इस इंटरनेट के युग में अभिनय, कला एवं संस्कृति संगीत बदलाव के दौर में है। वह संस्कृति एवं संगीत में अच्छे बदलाव के समर्थक हैं।






### सम्मान और पुरस्कार

हरियाणा सरकार से चुटकुला सम्राट पुरस्कार और हरियाणा गौरव पुरस्कार से अलंकृत आजाद सिंह दूहन को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में रत्नावली हरियाणवी संस्कृति पुरस्कार भी मिल चुका है। वहीं कुरुक्षेत्र विविद्यालय में दूहन को सर्वश्रेष्ठ एक्टर के पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अशोका सांस्कृतिक अवार्ड भी दिया जा चुका है। हरियाणवी संस्कृति उपलब्धियां के आधार पर राज्य संस्कृति पुरस्कार और राष्ट्रीय स्तर पर अशोका सांस्कृतिक अवार्ड से भी उन्हें नवाजा जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### डूंगरवास के सरपंच विपिन को पितृशोक

**रेवाड़ी।** गांव डूंगरवास के सरपंच विपिन कुमार के पिता का रविवार तड़के देहांत हो गया। 77 वर्षीय कुंदनलाल कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट में किया गया।


कुंदनलाल

उनके अंतिम संस्कार में सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और परिवार को सांत्वना दी। भाजपा मीरपुर मंडल के अध्यक्ष नवीन कुमार, महामंत्री मास्टर सुरेंद्र यादव, बाबा रूपदास मंदिर समिति के अध्यक्ष मास्टर बीरेंद्र भाटोटिया, भूदेव यादव, पूर्व सरपंच सुरेश कुमार यादव, मास्टर रोहतास, ग्रामीण युवा मंच के मनोज ठेकेदार, मसानी ऑटो यूनियन के प्रधान अनिल कुमार, सेन सभा के सुरेंद नीमरानिया ने कुंदनलाल के सामाजिक कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### होटल में आए युवक से की मारपीट

**नारनौल।** होटल मे आए युवक के साथ कुछ युवाओं की ओर से मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस बारे में पुलिस को दी शिकायत में गांव रघुनाथपुरा के रहने वाले संदीप ने बताया कि वह किसी काम से पुरानी कचहरी के पास बने एक होटल में आया था। वहां वह नीचे होटल के ऑफिस में बैठा हुआ था। पियूष को वहां बुला लिया। जिसके बाद दोनों भाइयों ने उसके साथ मारपीट की।

### टोल प्लाजा के पास की मारपीट, 5 नामजद

**नारनौल।** नांगल चौधरी क्षेत्र में नेशनल हाईवे नंबर 148बी पर सिरोही बहाली टोल प्लाजा के पास बोलेरो गाड़ी सवार युवकों ने दूसरी बोलेरो सवार युवक के साथ उसकी गाड़ी रुकवाकर मारपीट करने का आरोप है। इस वारदात में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट करने के बाद युवक वहां से फरार हो गए।

### वंदे भारत की जगह साधारण वंदे भारत चलाने की मांग

**महेंद्रगढ़।** रेलवे बोर्ड की ओर से दिल्ली से बीकानेर तक नई वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही हैं। यह ट्रेन दिल्ली से वाया, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, लोहारू, सादलपुर, चुरू, रतनगढ़ से होते हुए बीकानेर जाएगी। दैनिक रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने रविवार को प्रधानमंत्री व रेलमंत्री के नाम रेलवे के उच्च अधिकारियों के नाम का एक ज्ञापन स्टेशन मास्टर प्रदीप कुमार टेकाड़िया को सौंपा।

पाटोदा ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन का कुछ ही स्टेशनों पर ठहराव होगा, जबकि दिल्ली से बीकानेर के बीच केवल दो ट्रेनों का संचालन हो रहा है। महासंघ का सुझाव है कि वंदे भारत ट्रेन की जगह साधारण वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जाए, क्योंकि साधारण वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू होने के बाद दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान प्रदेश के लोगों को ज यादा फायदा मिलेगा।

---

### पुलिस नशा मुक्त टीम ने गांव जड़थल, पचगांव व संगवाडी का किया दौरा

# पुलिस व आमजन तालमेल से कार्य करें तो नशे की बुराई से मिल सकता है छुटकारा

टीम ने जड़थल, पचगांव व संगवाडी में डोर टू डोर सम्पर्क करके गांवों को नशा मुक्त करने तथा ग्रामीणों को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने रविवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गांव जड़थल, पचगांव व संगवाडी में डोर टू डोर सम्पर्क करके गांवों को नशा मुक्त करने तथा ग्रामीणों को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया।


रेवाड़ी। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

नशामुक्ति टीम ने एक नशा पीड़ित व्यक्ति की पहचान भी की, जिसकी काउंसलिंग कराकर रेवाड़ी डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती कराया है। नशा मुक्ति टीम की ओर से अब तक नशे से पीड़ित 105 लोगों की पहचान की गई है, जोकि किसी न किसी प्रकार के नशे से पीड़ित है। इसके अलावा 27 नशा पीड़ितों का इलाज कराया गया है। निरीक्षक रामपाल ने बताया कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है।

#### सबसे पहले युवा पीढ़ी को बचाना होगा

उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के इस अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, वहीं अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका स्थानीय प्रशासन की मदद से इलाज कराकर उन्हें फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिशाप है, सभी इसका मिलकर बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है या कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। पुलिस की ओर से नशा तस्करों पर कार्रवाई की जाएगी।

---


रेवाड़ी। भाजपा मंडल की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

## खोरी भाजपा मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। खोरी

खोरी मंडल भाजपा की बैठक रविवार को गांव टींट में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सरपंच नरेश यादव ने की। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिला भाजपा महामंत्री कुलदीप चौहान, प्रभारी वीरेंद्र छिल्लर, प्रदेश भाजपा एससी मोर्चा सचिव कमल निम्बल, जिला सचिव दिनेश यादव व प्रदेश कार्यकारिणी एससी मोर्चा सदस्य रामसिंह सांभरिया थे। बैठक में संगठनात्मक विस्तार व बूथ पर होने कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सेवा पखवाड़ा च्व पंच परिवर्तन, प्रदेश सरकार की योजनाएं, मन की बात और सरल पोर्टल पर भी चर्चा हुई। मंडल महामंत्री प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर व अरुण तंवर धारण के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने संगठन विस्तार पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी के लिए मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन वृत्तांत पर प्रकाश डाला। इस मौके पर चेयरमैन दयानंद धामलावास, जयभगवान हरजीपुर, प्रकाश पंच, भूपसिंह पुंसिका, सिद्धार्थ सरपंच, मनोज प्रधान मैलावास, सतबीर, सरपंच हेमंत नंगली गोधा, पूर्व सरपंच अमर सिंह, मनोज गर्ग, सतपाल सरपंच पुंसिका, मोनू यादव, योगेश गुमिना और पिंकी टींट सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

### नेताजी सुभाष पार्क में रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा जिला सभा की बैठक

## 17 सितंबर को धरने में रिटायर्ड कर्मी होंगे शामिल

- कर्मचारियों ने सरकार से पुरानी पेंशन बहाल की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

रविवार को नेताजी सुभाष पार्क में रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा जिला सभा की बैठक प्रधान रामेश्वर दयाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर कुलदीप सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए और ये सभी देश व प्रदेश के नागरिकों के लिए बहुत आवश्यक है तथा इसकी सुविधा पूर्णतया मुफ्त में मिलनी चाहिए यह संवैधानिक दायित्व बनता है ।

तभी देश विकास कर सकता है, क्योंकि जब तक युवक युवतियां शिक्षित नहीं होंगे, देश तरक्की नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को दिल्ली जंतर-मंतर पर धरने पर जिले से रिटायर्ड कर्मचारी शामिल होंगे। कंवर सिंह ने कहा


रेवाड़ी। रिटायर्ड कर्मचारियों का संबोधित करते प्रधान। फोटो : हरिभूमि

सरकार की नियत साफ नहीं है, ये रिटायर्ड कर्मचारियों को कुछ भी देना नहीं चाहती, जबकि सरकार को वरिष्ठ नागरिकों को सभी जन सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। लालचन्द मास्टर ने कहा कि सरकार से लेने के लिए संघर्ष की आवश्यकता है। ईश्वर सिंह ने कहा कि सरकार को मेडिकल भत्ता 3000 रुपये करना चाहिए।

प्रधान रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार को रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों पर प्राथमिकता से विचार करें। पेंशनर्स की मूल पेंशन में 65, 70, 75 व 80 की आयु पर 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत, 15 प्रतिशत व 20 प्रतिशत की वृद्धि करनी चाहिए। उन्होंने मार्च 2025 में संसद में जारी किए गए पेंशन वित्त विधेयक को रद करने की मांग की। उन्होंने कि सरकार कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है ।

#### डीए शीघ्र अदा करें

उन्होंने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करें, एनपीएस व यूपीएस स्कीम मंजूर नहीं है। 18 माह का बकाया डीए शीघ्र अदा करें। इस मौके पर डा. लेखराम मेहरा, डा. कंवर सिंह, महेन्द्र सिंह, गजे सिंह यादव, सूबे सिंह, उमादत्त शर्मा, जय सिंह, जगदीश प्रसाद यादव, पीके गुप्ता, महेश शर्मा, हरिराम स्वामी, ईश्वर सिंह, हरिराम सैनी, सचिव कुलदीप सिंह यादव, लाल चन्द सैनी, रामपाल सिंह यादव, राजेन्द्र कुमार व जगदीश सिंह मौजूद थे।

---

## सरकार ने 11 वर्ष के शासन काल में बिना पर्ची-बिना खर्ची के दी नौकरियां: बलजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

भारतीय जनता पार्टी बीकानेर मंडल की कार्यकारिणी की बैठक बीकानेर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव ने की। बैठक में मुख्य वक्ता मंडल प्रभारी बलजीत सिंह यादव थे। बैठक में संगठनात्मक विस्तार और बूथ पर होने वाले कार्यक्रम, सेवा पखवाड़ा पंच परिवर्तन, राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं व मन की बात विषयों पर जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने 11 वर्ष के शासन काल में बिना पर्ची-बिना खर्ची के नौकरियां दी। आयुष्मान भारत योजना के तहत हर गरीब को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई गई। किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों को आर्थिक सहायता दी गई। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत गरीब लोगों को आवास मुहैया कराए गए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन


रेवाड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मंडल प्रभारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

1000 से बढ़ाकर तीन हजार रुपये की गई, खेलों में स्वर्ण पदक विजेता को 6 करोड़ रुपए, महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण, महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर, जगमग योजना के तहत गांवों में 24 घंटे बिजली और जल्द ही लाडो लक्ष्मी योजना भी शुरू की जाएगी। बैठक में विजय बांबाड़, दीपक मंगला, वीर सिंह छावड़ी, मंडल महामंत्री प्रवीण कुमार, आशीष, उपाध्यक्ष पंकज कुमार, बस्ती राम, पोप सिंह, हरिराम आर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, मंडल सचिव अनीता देवी कोषाध्यक्ष नरेन्द्र सैणी, हरिंदर सैनी, पार्षद प्रतिनिधि धनीराम व सह कोषाध्यक्ष गंगाराम सभी मंडल कार्यकारिणी सदस्य और कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

## 26 को बच्चों व किशोरों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

भारत सरकार और नेशनल हेल्थ मिशन हरियाणा की ओर से नेशनल डी-वार्मिंग-डे कार्यक्रम के तहत 26 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिले के सभी एक से 19 साल के बच्चे, किशोर-किशोरियों व प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं को कृमि नियंत्रण की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। यह दवाई सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, निजी व सरकारी स्कूलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित झुग्गी-झोपड़ियों व औद्योगिक क्षेत्रों में निःशुल्क खिलाई जाएगी। अभियान के तहत 1-19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमि मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के तहत 1-2 वर्ष के बच्चों के लिए एल्बेंडाजोल टेबलेट की खुराक आधा टेबलेट पानी में घोलकर, 3-19 वर्ष के बच्चों के लिए एक टेबलेट, प्रजनन आयु वर्ग (20-24 वर्ष) वाली महिलाओं (गैर-गर्भवती और गैर-स्तनपान कराने वाली महिलाओं) के लिए एक टेबलेट का प्रावधान है। डीसी ने बताया कि जो बच्चे या व्यस्क इस अभियान के तहत गोली खाने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 2 सितंबर को मॉप अप राउंड पर एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी।


रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा।

जिले में 1 से 19 वर्ष आयु के बच्चों, किशोर-किशोरियों व प्रजनन आयु वर्ग की महिलाएं होंगी कृमि मुक्त

#### जिला में 3 लाख से अधिक बच्चे खाएंगे दवा

डीसी ने बताया कि जिले में 1 से 19 वर्ष के तीन लाख 24 हजार 778 बच्चों को एलबेंडाजॉल की दवा खिलाई जाएगी, जिसमें 1-5 वर्ष तक के 73 हजार 730 बच्चे, 6-19 वर्ष तक के 2 लाख 51 हजार 48 बच्चे शामिल है। इसके अलावा प्रजनन आयु वर्ग 20-24 वर्ष की 26 हजार 627 महिलाओं (गैर-गर्भवती और गैर-स्तनपान कराने वाली महिलाओं) को गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि वे बच्चों को गोली खिलाने में सहयोग करें ताकि जिले का कोई भी बच्चा एल्बेंडाजोल की दवा खाने से वंचित न रहे।


---

## कार्यकर्ता कल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाएं

- भाजपा नाहड़ मंडल की कार्यशाला मंडल अध्यक्ष हरीश दायमा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

रविवार को भाजपा नाहड़ मंडल की कार्यशाला मंडल अध्यक्ष हरीश दायमा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष व पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मास्टर हुकम सिंह यादव ने कहा कि हमें अपने जीवन में सेवा भाव से समर्पित होकर निःस्वार्थ भाव से आमजन की भलाई के लिए काम करना चाहिए। इसके अतिरिक्त पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पौधारोपण करना चाहिए। विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर


रेवाड़ी। नाहड़ में कार्यशाला का शुभारंभ करते हुकम चंद यादव। फोटो : हरिभूमि

स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चाहिए, जिससे देश उन्नति करे और अपने युवाओं को रोजगार मिल सकें।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाएं ताकि उनका लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मिल सकें। उन्होंने कहा किआज विदेशी ताकतें हमें धर्म,जाति व दंगों के नाम पर अलग-अलग तरीके से कमजोर करने का काम कर रही है। हमें एकजुट होकर अपनी सरकारी व सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान होने से बचाना होगा। कार्यशाला में पूर्व जिला सचिव सरदार सिंह बहाला, जिला पार्षद शारदा यादव, जिला संयोजक मन की बात प्रदीप बव्वा व मंडल प्रभारी इन्द्रराव ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर महामंत्री कैप्टन ओमप्रकाश यादव, रामौतार नयागांव, प्रेमप्रकाश नाहड़, मुकेश लता, विजया लुखी, पिंकी यादव, राकेश कुमार, रामेश्वर बिसोहवा, सुरजभान कारोली, विजय कुमार, हरिओम, प्रकाश झाडौदा, सुनील कुमार, मोहन सिंह, पंडित राधेश्याम शर्मा, दयाराम, तेजसिंह लिलोढ, प्रदीप कुमार, रामनिवास बव्वा, हरिप्रकाश व कृष्ण सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष हरीश दायमा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

---

### अटेली नपा चेयरमैन मामला

## हाईकोर्ट ने 6 माह में चुनाव याचिका निपटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मंडी अटेली

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में भूपेश की ओर से उनके विरोध में जीते वर्तमान चेयरमैन संजय गोयल के चुनाव को अयोग्य घोषित करवाने के लिए संबंधित चुनाव आयोग व संबंधित अधिकारियों के प्रति एक चुनाव याचिका से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त महेंद्रगढ़ को निर्देश दिया है कि वे याचिकाकर्ता की ओर से दायर याचिका का निपटारा छह माह की अवधि में करने का प्रयास करें। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति हरसिमरन सिंह सेठी व न्यायमूर्ति विकास सूरी की खंडपीठ ने की। अदालत में याचिकाकर्ता की ओर से



अधिवक्ता चंदरहास यादव उपस्थित रहे, जबकि हरियाणा सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता अनुपाल ने पक्ष रखा। याचिकाकर्ता भूपेश की प्रार्थना थी कि उसकी चुनाव याचिका का शीघ्र निपटारा किया जाए, जिससे उसे किसी प्रकार का पूर्वाग्रह न हो। अदालत ने राज्य सरकार को नोटिस जारी करने के बाद यह निर्देश दिए कि संबंधित प्राधिकरण मामले में दोनों पक्षों के सहयोग के आधार पर छह माह के भीतर फैसला करने का हरसंभव प्रयास करें।

---

### डंपिंग प्वाइंट पर चारदीवारी करने के साथ टिनशेड लगाए जाएंग

# शहर का स्वच्छ बनाने के लिए अभियान का आगाज

- 7 नवंबर तक चलेगा स्वच्छता अभियान
- दीवारों पर लिखे जाएंगे स्वच्छता के स्लोगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर परिषद की ओर से रविवार से 7 नवंबर तक 11 सप्ताह के लिए स्वच्छता अभियान शुरू किया गया। नगर परिषद की टीम ने शहर स्वच्छ बनाने के प्लान भी तैयार कर लिया गया है। रविवार को चार स्थानों बने अनावश्क प्वांट से कचरे को उठाने के साथ ही



रेवाड़ी। नगर परिषद में स्वच्छता की शपथ लेते अधिकारी व पार्षद।

स्वच्छता स्लोगन लिखने का कार्य शुरू किया गया है। अभियान में आमजन से लेकर युवाओं व बुजुर्गों को भी जोड़ा जाएगा।

शहर में सबसे बड़ी समस्या सड़कों पर घूमते गोवंश है, जिसके लिए नप की ओर से शहर में 29 ऐसे लोगों को चिन्हित कर नोटिस दिए गए है, जो दूध निकालने के बाद पशुओं को खुला छोड़ देते है। अब सड़कों पर घूमने वाले दूध देने वाले पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजा जाएगा। इस बार शहर की स्वच्छता रैंकिंग में बेहद निराशाजनक रही। सरकार की ओर से पूरे प्रदेश में 11 सप्ताह का स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को डीएमसी ब्रह्मप्रकाश अहलावत ने पत्रकारवार्ता में बताया कि शहर के सभी अस्थाई डंपिंग प्वाइंट खत्म किए जाएंगे। इसके अलावा स्थाई डंपिंग प्वाइंट पर चारदीवारी करने के साथ टीनशेड लगाए जाएंगे। लोगो के कचरा डालने की जगह पर स्वच्छता को लेकर स्लोगन लिखवाएं जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रयास शहर की प्रत्येक गली, मोहल्ला, पार्क, चौक व सड़क का आदर्श बनाया जाएगा। जिला नगरायुक्त ब्रह्मप्रकाश ने कहा कि स्वच्छता अभियान के सकारात्मक परिणाम तभी संभव होंगे, जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझकर कर सहयोग करेगा।

#### नागरिकों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



रविवार को डीएमसी ब्रह्मप्रकाश ने शहर को स्वच्छ रखने के लिए शहर के विभिन्न वार्डों में नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। डीएमसी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत 7 नवंबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान में शहर में साफ सफाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों की भागीदारी से ही शहर को गंदगी से मुक्त किया जा सकता है। शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई करते हुए लोगों को अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को कचरा सड़क अथवा गली में डालने के स्थान पर डस्टबिन में एकत्रित करना चाहिए। स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता शपथ भी ली गई, जिसमें शहर के पार्षदों, प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं और सेल्फ हेल्प समूहों ने भाग लिया। जागरूकता कार्यक्रम में कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार, कार्यकारी अभियंता अंकित वशिष्ठ व समाजसेविका प्रियंका यादव सहित नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### एसजीएफआई स्टेट लेवल ताइक्वांडों में तुषार चयनित

रेवाड़ी। दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्र तुषार शर्मा का चयन एसजीएफआई स्टेट लेवल ताइक्वांडों प्रतियोगिता में हुआ है। तुषार कक्षा ग्यारहवीं कक्षा के छात्र हैं। इस उपलब्धि से तुषार ने विद्यालय, माता-पिता तथा गुरुजनों का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्राचार्य जॉय बनर्जी ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। प्राचार्य एवं खेल प्रशिक्षक दीपक राव ने तुषार शर्मा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि तुषार की निरंतर मेहनत एवं अनुशासन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### किसानों के लिए 31 तक खुला रहेगा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल

रेवाड़ी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसान हित में हाल ही में भारी बारिश, बाढ़ और जलभराव से प्रभावित गांवों के किसानों को फसल क्षति का दावा दर्ज करने के लिए सुविधा प्रदान करने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 31 अगस्त तक खुला रखने का निर्णय लिया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिला रेवाड़ी में 7 गांव प्रभावित हैं, जिसमें धवाना, सुमाखेड़ा, गुरावड़ा, अहमदपुर पड़तल, रतनथल, सुर्खपुर टप्पा कोसली, भूरियावास गांव शामिल है। इन सभी गांवों के किसानों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है और किसान अपनी फसल खराबे की जानकारी अपलोड कर सकते है। उन्होंने बताया कि जिला राजस्व अधिकारियों द्वारा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर प्राप्त दावों का विशेष गिरदावरी के रूप में सत्यापन किया जाएगा और आंकलन के आधार पर निर्धारित मानकों के अनुसार मुआवजा जारी किया जाएगा। प्रभावित किसान द्वारा दावा दर्ज करने के बाद, संबंधित राजस्व अधिकारी-कर्मचारी जैसे पटवारी, कानूनगो, सर्कल राजस्व अधिकारी, जिला राजस्व अधिकारी, एसडीएम व उपायुक्त नुकसान का आकलन करेंगे।

### 27 अगस्त को गणपति की स्थापना व 6 सितंबर को करेंगे बप्पा का विसर्जन

# शहर में गणेश उत्सव मनाने की तैयारियां शुरू, बप्पा की मूर्तियां सजकर तैयार

**खास बातें**

- राजस्थान मूर्तिकार गणपति बप्पा की आकर्षक मूर्तियां बनाने में जुटे हुए है
- गणोत्सव समितियों के 10 दिन तक होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में गणेश महोत्सव समितियों की ओर से गणपति महोत्सव मनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। राजस्थान मूर्तिकार गणपति बप्पा की आकर्षक मूर्तियां तैयार करने के कार्य में जुटे हुए है। बाजार में भी दुकानों पर मिट्टी के इको फ्रेंडली गणेश सजाए गए है। इस साल भगवान गणेश का आगमन 27 अगस्त को आने वाली भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को होगा। 10 दिनों तक चलने वाले गणेश उत्सव का समापन 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी के दिन गाजे-बाजे के साथ विसर्जन के साथ किया जाएगा। प्रथम आराध्य भगवान गणेश का जन्मोत्सव देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। मुख्य तौर पर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में मनाए जाने वाले इस पर्व में हर घर में बप्पा मौर्या विराजमान होते है। शहर में भी पिछले सात साल से गणेश उत्सव मनाने का चलन बढ़ गया है। घरों और बड़े-बड़े पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं।





रेवाड़ी। झज्जर रोड पर गणपति की मूर्ति तैयार करता मूर्तिकार तथाझज्जर रोड़ पर सजी गणेश जी की मूर्तिया। फोटो :हरिभूमि

### राजस्थानी कारीगर बना रहे आकर्षक मूर्तियां

शहर के दिल्ली व झज्जर रोड पर गणेश की मूर्ति तैयार कर रहे राजस्थान के पाली जिले के मूर्तिकार तुलसीराम व भागीरथ ने बताया कि गणेश उत्सव के लिए एक फीट से लेकर दस फीट तक गणेश प्रतिमा तैयार की गई है। गणपति की प्रतिमाएं 100 रुपये से लेकर 10 हजार रुपये तक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इस बार मूर्तियां बनाने में आधी मिट्टी व आधी पीओपी का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बाद पीओपी व कलर के दाम 10 प्रतिशत तक बढ़ गए है। गणेश उत्सव को लेकर लोग प्रतिमाओं के आर्डर भी दे रहे है।

### इस तरह करें गणपति की स्थापना

ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि इस दिन गणपति की स्थापना करने से पहले दैनिक कार्यों से निवृत होकर साफ वस्त्र पहनने चाहिए, इसके बाद माथे पर तिलक लगाकर और पूर्व दिशा की ओर मुंह कर आसन पर बैठना चाहिए। गणेश जी की प्रतिमा को किसी लकड़ी के पटरे या गेहूं, मूंग, ज्वार के ऊपर लाल वस्त्र बिछाकर स्थापित करनी चाहिए। उनका कहना है कि गणपति की प्रतिमा के दाएं-बाएं रिद्धि-सिद्धि के प्रतीक स्वरूप एक-एक सुपारी रखें। श्रद्धालुओं को प्रातः व सायं के समय विधिवत रुप से गणपति की आराधना भी करनी चाहिए।

### प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम व झांकियों का होगा मंचन

शहर में गणेशोत्सव समितियां पिछले कई दशकों से गणेशोत्सव का आयोजन करती रही हैं। इस आयोजन में समिति से जुड़े सदस्यों व उनके परिजन भी बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। शहर में टीपी स्कीम, सेक्टर-3, मुक्तिवाड़ा, बारा हजारी, बास सिताब राय, पुराना हाउसिंग बोर्ड, पुरानी तहसील व धारूहेड़ा सहित अनेक स्थानों पर श्रृद्धालु गणेश उत्सव मनाने की तैयारी कर रहे है।

सेक्टर-3 में युवा मंडल व राधा स्वामी कॉलोनिवासियों की ओर से गणपति महोत्सव मनाया जाएगा।

महिला प्रधान शकुंतला, नितेश बंसल, निर्मल आर्य, निक्कू रुस्तगी व मयंक भारद्वाज ने बताया कि 10 दिन तक चलने वाले महोत्सव में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन व झांकियों का मंचन भी होगा। महोत्सव को लेकर संस्थाओं की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है।



रेवाड़ी। रक्तदाताओं का सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## ब्रम्ह कुमारीज संस्था के कैंप में 50 ने किया रक्तदान

- शिविर में नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं समाज सेवा प्रभाग की ओर से संस्थान की संस्थापिका बीके प्रकाशमणी दीदी की 18वीं पुण्यतिथि पर शहर के सेक्टर-4 स्थित शिव त्रिमूर्ति भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 50 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

संस्थान की स्थानीय प्रमुख बीके बृजेश की देखरेख में आयोजित शिविर में शहर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। रक्तदान करने वालों को संस्थान की ओर से उपहार प्रदान किए गए। नागरिक अस्पताल की टीम के ब्लड बैंक इंचार्ज चिकित्सक सहित टीम के सभी सदस्यों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीके बृजेश ने कहा कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति न किसी के जीवन को बचाता है, अपितु उसके परिवार को बिखरने से भी रोकता है। रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है, बल्कि नया रक्त बनने से शरीर में स्फूर्ती आती है तथा रोगों से लड़ने की शक्ति भी बढ़ती है। उन्होंने शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया। इस अवसर पर काफी संख्या में बीके भाई-बहन मौजूद थे।

## पतंजलि परिवार की बैठक में संगठन विस्तार व गोरक्षा को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पतंजलि परिवार की ओर से अंसल टाउन स्थित गोक्रांति गोशाला में बैठक का आयोजन किया गया। प्रदीप डागर पूर्व युवा राज्य प्रभारी हरियाणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सुरेंद्रपाल मंडल प्रभारी भिवानी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने, योग शिविर लगाने, पुरानी योग कक्षाओं को पुनः संचालित करने, नई योग कक्षाएं शुरू कर संगठन को विस्तार देने के साथ-साथ स्वदेशी, पौधरोपण व गोरक्षा के विषयों पर चर्चा की गई। पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान व महिला पतंजलि योग समिति सहित पतंजलि परिवार के सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर संगठन के विस्तार के लिए काम करने की शपथ ली। इस मौके पर सीनियर सिटीजन क्लब परिसर में हारश्रृंगार व इन्सुलिन सहित अनेक आयुर्वेदिक पौधे लगाए। इस अवसर पर डा. युद्धवीर राज्य सचिव हरियाणा योगासन खेल संघ, दयाराम आर्य जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति, दयानंद आर्य जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, रोहताश आर्य तहसील प्रभारी भारत स्वाभिमान पाल्हावास, राजपाल सिंह जिला किसान पंचायत भिवानी, हरीश यादव, कुलदीप आर्य, राकेश यादव, सरपंच सतवीर, आनंद डागर, पुरुषोत्तम, कृष्णा व बलबीर सिंह उपस्थित थे।



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद अतिथि व पतंजलि परिवार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## प्रेरणादायक गाथाओं से भरा वीर भूमि रेवाड़ी का गौरवमयी इतिहासः यादव

- भारत के प्रथम हिंदू सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य की कर्म स्थली रेवाड़ी ही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में रविवार को पंजाबी धर्मशाला में प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वीपी यादव पूर्व अध्यक्ष हरियाणा शिक्षा बोर्ड, दीपा भारद्वाज अध्यक्ष आशियाना फाउंडेशन व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि रेवाड़ी नगर का पौराणिक इतिहास है।

भगवान श्री कृष्ण अपने बड़े भाई बलराम के विवाह के अवसर पर रेवाड़ी आए। भारत के प्रथम हिंदू सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य की कर्म स्थली रेवाड़ी ही थी। रेजांगला का युद्ध रेवाड़ी के वीर सैनिकों की गौरव गाथा का बखान करता है। मुट्ठी भर वीरों ने चीनी सैनिकों के छक्के छुड़ा दिए।

वर्तमान में भी रेवाड़ी जिले के वीर सीमाओं पर भारत माता की रक्षा के लिए निरंतर डटे हुए हैं। ग्रीवेंस कमेटी की सदस्य नीरू भारद्वाज, पर्यावरण विद् अनुराधा सैनी व अनिल प्रधान ने कहा कि हमारा परिवार पिछले 8 वर्षों से निरंतर प्रत्येक रविवार जिले के नागरिकों के लिए हास्य योग, ध्यान साधना व एरोबिक्स के माध्यम से उन्हें स्वस्थ व प्रफुल्लित रखने का प्रयास कर रहा है। लगभग 5000 लोग लाफटर थेरेपी का लाभ उठा चुके हैं।

प्रधान अरुण गुप्ता, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल, प्रोफेसर सीएल सोनी व एडवोकेट दिव्या राजपाल ने कहा कि खुलकर हंसने से हमारे शरीर में एंडोर्सिन नाम का केमिकल बनता है, जो हमारे शरीर में ब्लड प्रेशर, शुगर, डिप्रेशन व थायराइड को अपने आप ठीक कर देता है। कार्यक्रम में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए महिला प्रधान निशा सीकरी, शिक्षाविद मधु गुप्ता, पूर्व नगर प्रधान सरोज भारद्वाज, समाजसेवी राजेंद्र गेरा व उप प्रधान हेमंत ग्रोवर को सम्मानित किया गया। संस्था की ओर से अतिथियों को भारत माता, शिव परिवार, राम दरबार, गुरु नानक देव व शहीद भगत सिंह के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, उर्मिला मेहंदीरत्ता, जगदीश मखीजा, कपिल कपूर, पूर्वांशी, ओजस्वी, प्रीति, सोनिया कपूर, भारत भूषण राजपाल, हिमांशु, जूही, नयन शर्मा, देवेंद्र कुमार व राम रतन यादव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक।

### डाइट विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को दिए पढ़ाई संबंधी टिप्स



कोसली। डाइट हुसैनपुर के विशेषज्ञ डा. सुरेंद्र ने शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली का निरीक्षण कर क्रियाकलापों पर आधारित पुस्तक कीर्ति व खेल यात्रा के पाठों से छात्रों के सीखने के स्तर की जांच की। उन्होंने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रों से वार्तालाप किया। प्राचार्य अनूप सिंह ने डा. सुरेंद्र कुमार को छात्रों को दी जा रही सुविधाओं में आधुनिक लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब व लैंग्वेज लैब के बारे में जानकारी दी। डा. सुरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को विषय याद करने के कई टिप्स भी दिए। इस मौके पर इतिहास प्रवक्ता बाल योगेश्वर, वरिष्ठ प्रवक्ता माया यादव, नीलम यादव, सुभाष चंद्र, नरेंद्र, कविता व मनीषा सहित सभी अध्यापक मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाएंगी सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली मंडल भाजपा की कार्यकारिणी बैठक रविवार को विधायक के नाहड़ रोड स्थित कार्यालय में मंडल अध्यक्ष अनूप यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री वीर कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य गरीब शोषित एवं वंचित वर्ग के कल्याण के लिए सेवा कार्य करना है। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े के दौरान भाजपा कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, पौधारोपण व खादी उपयोग को बढ़ावा देने सहित अनेक सामाजिक कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सेवा, समाज सेवा और राष्ट्र सेवा की भावना को और अधिक गति मिली है।



रेवाड़ी। कोसली में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते वीर कुमार यादव। फोटो : हरिभूमि

भाजपा नेता सरोज यादव व मौसमी देवी ने भी अपने विचार रखे। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री गजराज यादव व परमजीत सिंह सरपंच प्रतिनिधि ने किया। मंडल मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार टुमनिया ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इस अवसर पर सुषमा देवी ब्लाक पार्षद, मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद शास्त्री, संजय राव, सुरेंद्र सरपंच व महेश लखेरा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### समर्थन दे रहे सामाजिक संगठन

## अस्पताल की मांग को लेकर धरना 69वें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी रामगढ़ भगवानपुर का धरना रविवार को 69वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। कमेटी गांवों में कैंडल मार्च जन जागरण अभियान चलाकर जन समर्थन हासिल कर रही है। रविवार को रानी की ड्योढी से राव बिजेन्द्र ने धरने को समर्थन दिया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा जब तक सरकार मांग को पूरा नहीं करती, तब तक धरना जारी रहेगा। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि अस्पताल की जमीन का प्रस्ताव सरकार की तरफ से आया था न कि गांव ने पहल की थी और अब स्वास्थ्य मंत्री का कहना है कि अस्पताल पुरानी जगह पर ही बनेगा, अगर पुरानी जगह पर बनाना था तो पहले बाहर शिफ्ट करने का प्रस्ताव क्यों किया गया। उन्होंने कहा कि सरकुलर रोड पर अक्सर लंबा जाम रहता है तथा मरीज को अस्पताल पहुंचने में परेशानी होती है। इस मौके पर कॉमरेड राजेन्द्र सिंह, शेर सिंह मीरपुर, उदयराज नंबरदार, सुधीर कुमार एडवोकेट, महीपाल फदनी, इन्द्रजीत फदनी, एडवोकेट रमेश चंद, अभय सिंह, प्रताप सिंह, सत्यवीर, सतीश सरपंच बुड़ानी, मोहर सिंह, रामकुमार, इंद्रजीत नंबरदार, रामशरण रामगढ़, वीरेंद्र सिंह फोजी, कृष्णा सरपंच भगवानपुर, रमेश, शकुंतला, बसंती, शांति, मीना, ग्यारसी, कमलेश, ममता, राजबाला, निर्मला मंजू, कमला व गीता सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



रेवाड़ी। रामगढ़ भगवानपुर में धरने पर बैठे हुए ग्रामीण।

### मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसलों का पंजीकरण 31 तक

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार की ओर से मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों का पंजीकरण किया जा रहा है। सरकार द्वारा पंजीकरण के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 31 अगस्त है, ऐसे में जिन किसानों ने अभी तक खरीफ फसलों का पंजीकरण नहीं कराया है, वे 31 अगस्त तक पंजीकरण करा सकते हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान का पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। पोर्टल पर पंजीकृत किसान से ही केवल फसल खरीदी जाएगी। ऐसे में किसान को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने व फसलों को सरकार द्वारा निर्धारित दाम पर बेचने के लिए जरूरी है कि जिला के किसान पोर्टल पर अपनी बोई गई खरीफ फसल का ब्यौरा दर्ज कराने का पंजीकरण अवश्य कराएं। किसान की ओर से पोर्टल पर दर्शाई गई फसल का भौतिक सत्यापन भी कराया जाएगा।

**श्रीमद् भागवत कथा** | छठे दिन कथावाचक स्वामी प्रेमानंद गिरी महाराज ने सुनाए वृतांत

## देवासुर संग्राम में राजा दशरथ को मिली विजय मदद करने पर रानी कैकई को मिले दो वरदान

- राक्षसों को मारने के लिए ही राम का अवतार हुआ था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

सेक्टर-6 में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक स्वामी प्रेमानंद गिरी महाराज ने कहा कि एक समय की बात है, जब राजा दशरथ देवासुर संग्राम में देवताओं की ओर से युद्ध लड़ने गए। इस युद्ध में रानी कैकेई राजा दशरथ की सारथी बनी।

इस युद्ध में राजा दशरथ के रथ का पहिया टूट गया, तब रानी कैकेई रानी ने पहिये का ठीक किया और राजा दशरथ को हारने से भी बचाया। युद्ध में जीतने के बाद राजा दशरथ ने कैकेई से खुश होकर दो वरदान भी दिए, परंतु रानी कैकई ने उस समय कुछ नहीं मांगा और कहा कि महाराज मेरे दो वारदान अवसर आने के उपरांत मांग लिए जाएंगे। रानी कैकई ने अपने दो वरदान उस समय राजा से मांगे जब राजा दशरथ अपने बेटे श्री राम का तिलक की तैयारी कर रहे थे। दासी मंथरा ने कैकेई रानी की बुद्धि भ्रमित कर दी थी। महाराज ने कहा कि विधि के विधान के आगे किसकी चलती है। दासी मंथरा ने पूरा घटनाक्रम को बदल कर रख दिया और खुशी का माहौल उसे समय बदल गया जब कैकई ने राजा दशरथ से एक वर में अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राज्य और दूसरे वर में श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास मांग लिया। भरत को अयोध्या का राज्य देने के लिए तक तो ठीक था, परंतु 14 वर्ष राम को वनवास देने की बात सुनते ही दशरथ बेसुध हो गए। राम के वनवास चले जाने पर वियोग में राजा दशरथ की मृत्यु हो गई। महाराज ने कहा कि राम को वनवास होना, देवताओं के लिए खुशी की बात थी, क्योंकि लंका के राजा रावण के अत्याचारों से जनता परेशान हो रही थी। राक्षसों को मारने के लिए ही राम का अवतार हुआ था। मंच संचालन काजल सैनी ने किया। इस अवसर पर उप प्रधान अजय जांगडा, डीके शर्मा, रमाकांत, नेमीचंद, मनोज शर्मा व सुनील शर्मा सहित सामाजिक संगठनों से कार्यकर्ता व अनेक श्रृद्धालु मौजूद थे।



रेवाड़ी। श्रृद्धालुओं को भागवत कथा सुनाते महाराज प्रेमानंद। फोटो : हरिभूमि